# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, आज, हिन्दुस्तान,ज्ञानशिखा टाइम्स, परफेक्ट मिशन, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 18.04.2025

# भुगतान नहीं करने वालों की संपत्तियां होंगी निरस्त

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** भुगतान नहीं करने वालों की संपत्तियां निरस्त की जाएंगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निर्देश दिया है कि जिन बकायेदारों की ओर से भुगतान नहीं किया जा रहा है, उनकी संपत्तियों को निरस्त करने की कार्रवाई की जाए।

अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी को बकाया भुगतान करने के लिए अंतिम नोटिस दिया जाए। 20 बकाएदार हैं, जिन्होंने भुगतान नहीं किया है। सभी को नोटिस भेजा गया है।

उधर, वीडीए सभागार में बृहस्पतिवार को बैठक में अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने लंबित शमन मानचित्रों की समीक्षा कर निस्तारण का निर्देश दिया। जोनल अधिकारी को सील प्रकरणों की जांच कर बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। साथ ही 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें।

## आठ बीघे की अवैध प्लॉटिंग कराई ध्वस्त

**वाराणसी।** वीडीए की ओर से आठ बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई। नगवां वार्ड के पंडितपुर हरदत्तपुर में शीतला यादव की ओर से आठ बीघे में अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। इन्हें पूर्व में नोटिस दिया गया था। बावजूद प्लॉटिंग कराने पर प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से प्लॉटिंग ध्वस्त कराई। जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श निराला की देखरेख में कार्रवाई की गई। ब्यूरो

## 10 आवंटियों की रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी

**वाराणसी।** वीडीए में बृहस्पतिवार को विशेष रजिस्ट्री कैंप में 40 लोग पहुंचे। इसमें से 10 आवंटियों ने अपनी संपत्तियों का पूर्ण भुगतान किया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर लगे कैंप की अध्यक्षता सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने की। इसमें प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं लालपुर, अशोक विहार, बड़ी गैबी में पूरा भुगतान कर चुके 10 आवंटियों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया विधिक रूप से पूरी की गई। इस दौरान संपत्ति दस्तावेजों से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। ब्यूरो

## डिजिटल निगरानी के लिए नए सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में प्रवर्तन पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। अपर सचिव परमानंद यादव की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। यह नया प्रवर्तन सॉफ्टवेयर उत्तर प्रदेश सरकार के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की ओर से विकसित एक डिजिटल प्रबंधन प्रणाली है। जो अनधिकृत निर्माण गतिविधियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए अत्यंत प्रभावी उपकरण है। पूर्व में संचालित पोर्टल के स्थान पर यह नया सिस्टम उन्नत और यूज़र-फ्रेंडली है। ब्यूरो

## आज–दि0 18.04.2025

# विप्रा सभागार में दस आवंटियों की हुई रजिस्ट्री

विप्रा उपाध्यक्ष के निर्देश पर गुरुवार को प्राधिकरण सभागार में लालपुर, अशोक बिहार और बड़ी गैबी और कुल १० आवंटियों का रजिस्ट्री किया गया। कार्यक्रम में लगभग ४० प्रतिभागियों ने संपत्ति दस्तावेज से संबंधित प्रक्रिया और दस्तावेज के विषय में जानकारी प्राप्त की। यह पहली बार हुआ है जबकि विकास प्राधिकरण सभागार में संपत्तियों की रजिस्ट्री की सुविधा दी गयी कैंप में प्रभारी अधिकारी आनंद प्रकाश तिवारी, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे, वरिष्ठ लिपिक शंकर नारायण शर्मा के अलावा संपत्ति विभाग और निबंधन कार्यालय कार्मिक के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

हिन्दुस्तान–दि0 18.04.2025

## वीडीए में चलाया वित्तीय जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** वीडीए मुख्यालय में गुरुवार को वित्तीय जागरूकता पर कार्यशाला मनी मंत्र का आयोजन हुआ। वीडीए के अधिकारियों, कर्मचारियों को निवेश की बारिकियां बताई गईं। विशेषज्ञ शैली सेठ और वंशिका अग्रवाल ने टिप्स दिये।

हिन्दुस्तान–दि0 18.04.2025

## बेसमेंट में करवाएं पार्किंग

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने प्राधिकरण द्वारा सील भवनों की जांच का निर्देश दिया है। गुरुवार को बैठक के दौरान बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है।

जोनल अधिकारियों से उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में गंभीरता दिखाएं। अपर सचिव ने कहा कि जो जोनल अधिकारी, कर्मचारी अपने कार्यों में लापरवाही न बरतें।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 18.04.2025

# वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न

वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा विशेष रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न। विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण सभागार में विशेष रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार तथा सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ इस विशेष कैम्प में प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं जैसे लालपुर, अशोक विहार, बड़ी गैबी आदि से संबंधित कुल 10 आवंटियों, जिन्होंने अपनी सम्पत्तियों का पूर्ण भुगतान कर लिया था, की रजिस्ट्रियाँ विधिक रूप से निष्पादित की गईं। रजिस्ट्री प्रक्रिया पारदर्शिता और दक्षता के साथ सम्पन्न की गई, जिससे आवंटियों को समयबद्ध सेवा का लाभ मिला।



कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने सहभागिता की और सम्पत्ति दस्तावेजों से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की।उक्त कैंप में प्रभारी अधिकारी संपत्ति आनंद प्रकाश तिवारी , सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश चन्द्र दुबे , वरिष्ठ लिपिक शंकर नारायण उपाध्याय , अतुल सिंह , प्रणव श्रीवास्तव , रामप्रवेश यादव तथा संपत्ति विभाग के अन्य कार्मिक व निबंधन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 18.04.2025

# प्रवर्तन मामलों की डिजिटल निगरानी हेतु नया सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण सम्पन्न

वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशा पर अपर सचिव परमानन्द यादव की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में प्रवर्तन पोर्टल के संचालन हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का सफल आयोजन



किया गया द्य जिसमें समस्त जोनल अधिकारी, अवर अभियंता तथा जोनों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों द्वारा सक्रिय सहभागिता दी गयी।

यह नया प्रवर्तन सॉफ्टवेयर उत्तर प्रदेश सरकार के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा विकसित एक डिजिटल प्रबंधन प्रणाली है, जो अनधिकृत निर्माण गतिविधियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए अत्यंत प्रभावी उपकरण है। पूर्व में संचालित पोर्टल के स्थान पर यह नया सिस्टम अधिक उन्नत और यूज़र-फ्रेंडली है। प्राधिकरण द्वारा सभी जिम्मेदार अधिकारियों के लिए ser ID एवं Password पहले से ही सृजित किए जा चुके हैं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को सॉफ्टवेयर के संचालन, केस रजिस्ट्रेशन, जियो टैगिंग एवं ट्रैकिंग, डिजिटल साक्ष्य अपलोड, स्वचालित नोटिफिकेशन, केस की मॉनिटरिंग तथा रिपोर्टिंग जैसे तकनीकी पहलुओं की व्यापक जानकारी दी गई।

## परफेक्ट मिशन–दि0 18.04.2025

# वीडीए अपर सचिव ने जोन 1 की समीक्षा बैठक की

### जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश

परफेक्ट मिशन

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में गुरुवार को अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 07.04.2025 से दिनांक 13.04.2025 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 4,75,967.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-12,24,78,676.00 जमा कराया गया है।

स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही/ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपें गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, संजय तिवारी, अवर अभियन्ता, रोहित कुमार, भवन लिपिक, किरन सिंह एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।



### वीडीए में विशेष रजिस्ट्री कैम्प का हुआ आयोजन

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण सभागार में विशेष रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार तथा सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।इस विशेष कैम्प में प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं जैसे लालपुर, अशोक विहार, बड़ी गैबी आदि से संबंधित कुल 10 आवंटियों, जिन्होंने अपनी सम्पत्तियों का पूर्ण भुगतान कर लिया था, की रजिस्ट्रियाँ विधिक रूप से निष्पादित की गईं। रजिस्ट्री प्रक्रिया पारदर्शिता और दक्षता के साथ सम्पन्न की गई, जिससे आवंटियों को समयबद्ध सेवा का लाभ मिला।कार्यक्रम में लगभग 40 प्रतिभागियों ने सहभागिता की और सम्पत्ति दस्तावेजों से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। उक्त कैंप में प्रभारी अधिकारी संपत्ति आनंद प्रकाश तिवारी, सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश चन्द्र दुबे, वरिष्ठ लिपिक शंकर नारायण उपाध्याय, रामप्रवेश यादव तथा संपत्ति विभाग के अन्य कार्मिक व निबंधन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 18.04.2025

# मनी मंत्र वर्कशॉप का सफल आयोजन – वित्तीय जागरूकता की ओर एक सार्थक कदम




वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार प्राधिकरण सभागार में दिनांक 16 अप्रैल व 17 अप्रैल 2025 को 12Months द्वारा दो दिवसीय वर्कशॉप मनी मंत्र का सफल आयोजन किया गया, जिसमें प्राधिकरण के समस्त विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। मनी मंत्र वर्कशॉप का उद्देश्य कर्मचारियों को वित्तीय जागरूकता प्रदान करना और उन्हें उनके आर्थिक भविष्य के लिए तैयार करना था। सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने सीखा कि कैसे सही निवेश निणय लिए जाएं, दैनिक खर्चों का प्रबंधन करें और दीर्घकालीन वित्तीय लक्ष्यों को योजनाबद्ध तरीके से प्राप्त करें। यह सत्र संवादात्मक, रोचक और सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया, जिससे हर आयु वर्ग के कर्मचारी सहजता से जुड़ सके और अपने प्रशनें के उत्तर प्राप्त कर सके। इस जानकारीपूर्ण सत्र का संचालन शैली सेठ और वंशिका अग्रवाल द्वारा किया गया, जिन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों और आसान उपायों के माध्यम से प्रतिभागियों को पैसे पर नियंत्रण रखने की कला सिखाई। कई प्रतिभागियों ने इसे अपनी वित्तीय यात्रा की एक सकारात्मक शुरुआत बताया और ऐसी वर्कशॉप्स को समय-समय पर दोहराने की इच्छा जताई।

न्यायाधीश–दि0 18.04.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही की गयी

वाराणसी। वार्ड-नगवां के अन्तर्गत शीतला यादव (गुड्डू) व अन्य के द्वारा मौजा-पंडिपुर (हरदत्तपुर), थाना-रोहनिया में लगभग 08 बीघा में की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी, उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 17.03.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियंता आदर्श निराला प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे।